# स्टेशन रोड पर हटाया गया अतिक्रमण

## एक युवक को लिया हिरासत में, एसडीएम ने कहा, अतिक्रमण में किसी को बख्शा नहीं जाएगा






**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका निगम की टीम एक बार फिर सड़क पर उतरी। इस दौरान स्टेशन रोड पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई।

खासतौर पर कुछ दुकानदारों ने सीढ़ी और छज्जा बढ़ाकर अतिक्रमण कर लिया था। इस अतिक्रमण को जेसीबी के जरिए तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान एक युवक एसडीएम सुधीर जैन से बहस करने लगा। युवक ने कार्रवाई का विरोध किया। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। हालांकि कुछ देर बाद उसे छोड़ दिया गया, लेकिन प्रशासनिक अमला पूरे अभियान के दौरान बेहद सख्त नजर आया।

कार्रवाई की शुरुआत से पहले नगर निगम कर्मचारियों ने अतिक्रमणकारियों से स्वयं हटाने की अपील की, नहीं मानने पर सख्ती दिखाई और कई स्थानों पर अवैध कब्जे तोड़े गए। इस दौरान एस.डी.एम. सुधीर जैन, निगम आयुक्त सी.पी. राय, तीन थानों का पुलिस बल और भारी संख्या में निगमकर्मी मौजूद रहे। ईद और रविवार की छुट्टी के बाद निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की।



नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने फिर दोहराया कि कार्रवाई के दौरान किसी को बख्शा नहीं जाएगा। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि निगम किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगा और जो भी अवैध कब्जा करेगा उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। हाल ही में हुई कुछ घटनाओं पर भी उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का लक्ष्य जारी रहेगा।

गौरतलब है कि नगर निगम ने 4 जून से शहर भर में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है, जो आगामी 14 जून तक चलेगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में हुई नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा में नवनियुक्तियां की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के द्वारा जिला कांग्रेस की घोषित कार्यकारिणी में इंद्रपाल पटेल व कोठीराम धुर्वे को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं इरफान पटेल, रईस खान व वीरू जैन को महामंत्री नियुक्त किया गया है। संतोष पटेल को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धनश्याम डेहरिया व माधव जंघेला को महामंत्री मनोनीत किया गया है।

## अमरवाड़ा व सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस में समन्वयक नियुक्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार अमरवाड़ा व सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस में समन्वयक मनोनीत किए गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे की सहमति उपरांत व विधानसभा प्रभारी अजय मैद से चर्चा के उपरांत अमरवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस में संतोष डेहरिया को अमरवाड़ा ब्लाक एवं कोमल बेलवंशी को सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस में समन्वयक नियुक्त किया गया है। नियुक्त पदाधिकारियों ने कमलनाथ, नकुलनाथ सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### सार समाचार

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नागपुर में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद फरार आरोपी को छिंदवाड़ा में छिपे होने की सूचना पर रविवार को महिला थाना छिंदवाड़ा मिली थी फलस्वरूप टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छिंदवाड़ा में किराए पर रहकर फरारी काट रहा था।

महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आरोपी अविनाश पिता दिनिया इन्द्रोरकर उम्र 27 वर्ष निवासी गुलशन नगर जैन शालेजवल, थाना कलमना नगर, जिला नागपुर (महाराष्ट्र), के खिलाफ नागपुर में अपराध क्रमांक 919/21 के तहत धारा 376, 376(2)(जे)(एम) आई.पी.सी. एवं पास्को एक्ट की धाराओं 4, 8, 12 के तहत मामला दर्ज है। आरोपी के विरुद्ध कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट भी जारी था।

कलमना नगर थाना नागपुर से प्राप्त सूचना के आधार पर छिंदवाड़ा पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। तकनीकी व मैदानी जानकारी जुटाकर आरोपी के वर्तमान निवास का पता लगाया गया और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद नागपुर पुलिस को सूचना दी गई और उनकी उपस्थिति में आरोपी को सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संजय सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक इन्द्रजीत सिंह ठाकुर, आरक्षक अशोक वर्मा, महिला आरक्षक अर्चना रघुवंशी, इस टीम ने पूरी मुस्तैदी और सूझबूझ से आरोपी को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने टीम की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की है।

## सांप के काटने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र अंतर्गत बामनी गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां जंगल में शौच के लिए गया 6 वर्षीय मासूम बालक जहरीले सांप के डसने से मौत का शिकार हो गया। मृतक की पहचान सक्कू पिता बिसतु के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी रविंद्र पवार ने बताया कि बालक सुबह गांव के पास जंगल की ओर शौच के लिए गया था। इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। बालक किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को बताया कि सांप ने उसे काटा है। परिजनों ने जब उसकी जांघ देखी तो वहां साफ तौर पर सांप के काटने के निशान दिखाई दिए।

सांप के जहर का असर इतना तेज था कि कुछ ही देर में मासूम की हालत बिगड़ने लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में मासूम की इस दर्दनाक मौत से मातम पसरा हुआ है।

## भाजपा पटपड़ा मंडल कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, संभागीय सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभास। श्री पारिक, विधानसभा प्रभारी, पूर्व वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा पटपड़ा मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी सहित मंडल समिति घोषित की गई। भाजपा पटपड़ा मंडल की घोषित कार्यथिण उपाध्यक्ष उपेंद्र ढोके, बॉबी (तमन), दिनेश यदुवंशी, तिलकराम साहू, अनीता उइके, पवार, महामंत्री अंकुश जायसवाल, बलवीर चंद्रवंशी, मंत्री प्रमिला उइके, सविता साहू, धुर्वे, रमेश यदुवंशी, संतोष यदुवंशी कुमरे, कोषाध्यक्ष बीरबल चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री रूपेश, मीडिया प्रभारी पंकज दुबे, आई.टी. प्रभत हेमेंद्र सिंग चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सातनकर, मन की बात प्रमुख ठाकरे, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख सुनील यदुवंशी, लाभार्थी प्रमुख सगनलाल उइके, बीएलए प्रमुख संतोष गजभिये, कार्यकारी सदस्य कमलेश धुर्वे, देवकरण, सूर्यवन धुर्वे, देवेंद्र डेहरिया, धर्मेन्द्र अहीरवार, विक्की चौहान, इंदरलाल टांडे, राजेश नागवंशी, भुवनेश मालवी, संजय प्रकाश ठाकरे, जनार्दन सरेयाम, राधे यदुवंशी, राम भावरकर, पियुश सूर्यवंशी, शिवमोहन सूर्यवंशी, अनिल वंशकार, प्रवीण (गुडा) सूर्यवंशी, नवीन सूर्यवंशी, हर्ष पवार, संजय पवार, रेखा दुबे, कुडोपा, ललिता विश्वकर्मा, मंजु साहू, रंजीता पाटिल, रजनी फरकारे, यदुवंशी, श्रीमती नैना चंद्रवंशी, रजनी साहू, रोशन युवनाती, इंद्रा युवनाती, लक्ष्मी वानवंशी, सविता, अश्मानी सलाम, अंजू बंदेवार, फुलवती बाई कृति किए गए ।

## भाजपा मंडल शिवपुरी की कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, संभागीय प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संतोष पारिक, विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल द्वारा भाजपा शिवपुरी मंडल समिति घोषित की गई।

भाजपा शिवपुरी मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अजयप्रताप शाही, रूपेश जैकी नागवंशी, रामशंकर चन्द्रवंशी, चन्द्रभूषण सूर्यवंशी, रामेश्वर चन्द्रवंशी, कृष्ण मोहन सूर्यवंशी, महामंत्री मुकेश सालवंशी, देवी सिंह राजपूत, मंत्री लक्ष्मी भलावी, मीना डेहरिया, प्रमिला शिववंशी, मनोज सूर्यवंशी, कमला सोनपुरे, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, कोषाध्यक्ष सीमा भलावी, कार्यालय मंत्री ईश्वरी नागले, मीडिया प्रभारी नीरज मोर्य, आई.टी. प्रभारी अरविंद डेहरिया, सोशल मीडिया प्रभारी साहिल हितगेन, मन की बात प्रमुख अंकित सूर्यवंशी, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख मुकेश नागवंशी, लाभार्थी प्रमुख गोपाल भलावी, बीएलए प्रमुख मोहन बारासिया, कार्यकारणी सदस्य सीमा सूर्यवंशी, सुनील उईके, बलराम डेहरिया, जितेन्द्र सूर्यवंशी, नन्हेराम गोहिया, जयकुमार दद्दु चन्द्रवंशी, हेमलता सिंह, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार नागवंशी, ललित चन्द्रवंशी, अशोक पाल, महेन्द्र राय, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, कंचन बंदेवार, कु. रंजना कोटार्य, गीता सिंह बघेल, मुस्कान डेहरिया, सुनिता डेहरिया, विष्णु पाल, अकलेश बेलवंशी, राहुल डेहरिया, दीपक जायसवाल, रामतीरथ यादव, राजकुमार सोनी, छगनलाल साहू, राजाराम सोनी, प्रियंका बिरहा, गणेश राय, सरिता सूर्यवंशी, अरूणा सालवंशी, कल्पना डेहरिया शामिल हैं।

## जननायक बिरसा मुंडा के चरणों में नतमस्तक हुए कांग्रेसजन, अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा को कांग्रेस ने नमन करते हुये उनके कृत्तिव व व्यक्तित्व को याद किया। जल, जंगल और जमीन के लिये अंग्रेजों से संघर्ष करने वाले जननायक बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में मनाई गई। सम्पूर्ण विश्व में धरती बाबा के नाम से विख्यात आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा के चरणों में कांग्रेसजन नतमस्तक हुये और देश की आजादी के लिये स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुये उन्हें हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ एवं कांग्रेस सेवादल के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बिरसा मुंडा बलिदान दिवस मनाया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा का शहादत दिवस है। भगवान बिरसा मुंडा ने



आदिवासी समाज को एक नई दिशा देने के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। अंग्रेजों ने वीर सेनानी बिरसा मुंडा को रांची जेल में कैद कर रखा था, आज ही के दिन उन्होंने अंतिम सांस ली थी। कांग्रेसजन ने बिरसामुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर देशहित में उनके योगदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

आयोजित कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, गंगा प्रसाद तिवारी, गोविंद राय, अशोक तिवारी, प्रीतम पटेल, राजीव तिवारी, मनीष पांडे, सुरेश कपाले, शिव कुमार सिरसाम, संजय परतेती, संतोष भारती, इन्द्रभान, तेजीलाल धुर्वे, स्नेह सरेआम, रमेश उइके, पप्पू यादव, जीवन पटेल, अनिल सोमकुंवर, अजय मैद, नदीम अहमद, रमेश बेले, बलराम चौहान, देशराज बारस्कर, कैलाश विश्वकर्मा, पप्पू यादव, दीवाकर नारेकर, शेषराव उइके, यास्मीन खान, रानू डेहरिया, चिंटू पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## श्री आदिनाथ जिनालय में हुआ रत्नत्रय विधान





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोलगंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री रत्नत्रय विधान का आयोजन कर सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र की मंगल आराधना की गई।

विधान की मंगल अनुमोदना करते हुए जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि रत्नत्रय विधान कराने का सौभाग्य अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के संरक्षक सर्वश्री रमेशचंद्र, प्रमोदकुमार, अभिषेक सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। विधान शुभारंभ पर मंगल कलश की स्थापना श्रीमती मालती सिंघई, नीति सिंघई, आराधना सिंघई द्वारा की गई। विधान की समस्त मांगलिक क्रियाएं युवा विद्वान पंडित ऋषभ शास्त्री एवं वर्धमान जैन द्वारा कराई गई।

इस अवसर पर सिंघई परिवार के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन सहित सकल जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने देव-शास्त्र-गुरु भगवन्तों का मंगलकारी गुणगान करते हुए चंबर नृत्य किया ओर जिनशासन की मंगल प्रभावना की। विधान की पूर्णता पर सभी जिनशासन सेवकों ने शांति पाठ करते हुए महाअर्ध समर्पित कर विश्व शांति की मंगल कामना की।

## बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला महिला सेवादल अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान ने बताया कि जिला मुख्य संगठक सुरेश कपाले के निर्देशानुसार आदिवासी समाज के महानायक बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर महिला सेवा दल की टीम द्वारा खापाभाट में वार्ड नंबर 10 की अध्यक्ष लोकेश्वरी उइके के निवास स्थान पर वृक्षारोपण किया गया।



जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं उपस्थित थी जिसमें सभी लोगों ने बिरसा मुंडा की जीवनी में प्रकाश डाला इनका जन्म झारखंड में हुआ था इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जल, जमीन, जंगल के लिए लड़ाई लड़ी एवं लागान वापसी के लिए मजबूर किया।

अंग्रेजों द्वारा आदिवासियों की जमीन छीनकर उनका धर्म परिवर्तन किया जा रहा था इन्होंने आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए और यातनाएं झेली।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा दल महिला जिला अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान, लोकेश्वरी उइके, शकुंतला उईके, सलीका सरयाम, सीता सरेयाम, संगीता बट्टी, संध्या कुमरे, लखनिया कुमरे, काजल रोडके, अंकिता नवरेती, देवकी कुमरे, सिंधु यादव, मनौती पाल, चमरू उईके, दिवाकर बोरकर आदि उपस्थित थे

## बैठक में कांग्रेस के संगठन विस्तार पर चर्चा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस में लगातार बैठकों के साथ ही संगठन विस्तार व संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। शहर के साथ ही ब्लॉक, क्षेत्रीय व बूथ स्तर तक पहले से कहीं अधिक मजबूत संगठन खड़ा करने हेतु कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण जुटे हैं।

इसी कड़ी में कल 09 जून 2025 को शहर कांग्रेस के अन्तर्गत आने वाले उत्तर उप ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 05 में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में संगठन विस्तार सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर गहन चर्चा की गई। वार्ड के प्रत्येक घर तक भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के साथ ही निगम में बैठी भाजपा सरकार के तानाशाही निर्णयों से अवगत कराने का संकल्प लिया गया। निगम के द्वारा जनता पर लगाए गए गब्बर टैक्स की जानकारी देकर जनता का भाजपा सरकार के खिलाफ जनसमर्थन जुटाने की तैयार की गई।





## आज से पांच दिवसीय आम महोत्सव मैंगो फेस्टिवल का शंभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के माध्यम से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 10 जून 2025 से 14 जून 2025 तक 5 दिवसीय आम महोत्सव (मैंगो फेस्टिवल) का आयोजन प्रदेश स्तर के साथ-साथ जिला स्तर पर भी किया जा रहा है। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक डीडीएम श्वेता सिंह ने बताया कि नाबार्ड प्रायोजित परियोजनाओं के माध्यम से जुड़े उद्यानिकी किसानों के खेत से उत्पादित आम फलों को छिंदवाड़ा शहर के रिहायसी इलाकों मे आम की गाड़ियों के द्वारा घुमाया जायेगा जिससे शहरवासी घर बैठे ही देशी तरीके से पके आमो का लुत्फ उठा सके।

# बावड़ियों की सफाई की, स्वच्छता की शपथ ली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में किए जा रहे जल संरक्षण के प्रयासों में जन अभियान परिषद अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इसी श्रंखला में रविवार 8 जून 2025 को शासकीय पी.जी. कॉलेज मे संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा, मध्य प्रदेश जन अभियान के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, पर्यावरण विद समाज सेवी विनोद तिवारी के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के परामर्श दाता लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंर्तगत बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद की नवांकुर एवम प्रस्फुटन समितियां के प्रतिनिधि उपस्थित थे।कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने कहा कि सी.एम.सी.एल.डी. के विद्यार्थियों ने अपने प्रयोग शाला ग्रामों मे समाज सेवा कार्य का बहुत ही सराहनीय योगदान दिया है। इसमें में भी जल गंगा संवर्धन अभियान अविस्मरणीय बनाया है। उन्होंने सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई और इस पहल जन जन तक पहुंचने की अपील की।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आवाहन पर पूरे मध्य प्रदेश में 30 अप्रैल से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सफाई श्रमदान से जल स्वच्छता कार्यक्रम सहित तालाब, नदी नाले सहित जल स्त्रोतों में पुरानी पुरानी बावड़ियों की साफ सफाई, जल निकासी का कार्य एवम स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी श्रंखला में जिले के कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जन अभियान परिषद के द्वारा पूरे जोश के साथ चलाया जा रहा है।

सभी स्टूडेंट एवम समाजसेवीयो को पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रभावी उपाय बताए गए साथ ही उन्होंने सभी जन अभियान परिषद की पूरी टीम की जिस तरह से इस कार्य की प्रशंसा की। हम जन अभियान परिषद की और से आपका आत्मीय धन्यवाद ज्ञापित करते है।

कार्यक्रम में पर्यावरण विद राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विनोद तिवारी ने कहा की अपनी छोटी-छोटी आदतों में जल संरक्षण के प्रयास करना चाहिए हमें शुरुआत इस कार्य की अपने घर से ही करना चाहिए जहां कहीं सार्वजनिक रूप से हमें नलों से बहता हुआ पानी दिखे तुरंत उसे बंद करना चाहिए। हमारी छोटी छोटी पहल जल संरक्षण के अच्छा संदेश देगा।

आइए जल संरक्षण एवम संवर्धन में अपना योगदान दे और औरों को भी इस हेतु प्रेरित करे। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार परामर्शदाता श्रीमती लता नागले ने किया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश सूर्यवंशी ने किया।



# वार्ड 22 सोनाखार में कमलनाथ की विकास निधि के कार्यो का किया गया भूमिपूजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के विकास पुरुष कमलनाथ की विकास निधि से नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 22 सोनाखार में विभिन्न विकास के कार्य होंगे। विकास कार्यों के निर्माण हेतु कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भूमिपूजन किया इस दौरान स्थानीय पदाधिकारी के साथ ही बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से वार्ड नं 22 सोनाखार में विधायक कमलनाथ के विकास मद के कार्यों का भूमिपूजन मोक्षधाम में विधायक निधि से 2.5 लाख रुपये की लागत से बाउंड्रीवाल एवं चेकर्स लगाने का कार्य एवं भीमसेन बाबा प्रांगण में 1 लाख रुपये की लागत से फेंसिंग लगवाई जाएगी।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव, दक्षिण जोन प्रभारी दिगम्बर ठाकरे, कांग्रेस प्रवक्ता नदीम कुरैशी, दक्षिण जोन अध्यक्ष शैलेश पाटनकर, वार्ड अध्यक्ष कन्हैया सोनी की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम में वार्ड के कुमेर पटेल, सुकरण परतेती, नीरज यादव, हरिराम साहू, बबलू पटेल, शेखर साहू, पारस वंशकार, विक्की डहेरिया, सागर परतेती, सालिकराम पन्द्राम, मन्नू लोमते, लगडू अहिरवार, शुभम उइके, देवराव अलोनकर उपस्थित थे। अंत में शेखर साहू ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ द्वारा वार्ड नं 22 सोनाखार में विधायक निधि की राशि प्रदान करने के लिये सभी वार्डवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

## सार-समाचार

# आज होगा बैडमिंटन स्पर्धा का समापन पुरस्कार वितरण के साथ : इन्द्रजीत सिंह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इन्द्रजीत सिंह बैस ने बताया कि जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता के फाइनल चरण के मैचों का आयोजन ओलिंपिक स्टेडियम में आज सम्पन्न होगा जिसमें जिले भर के जुनियर व सीनियर महिला/पुरुष खिलाड़ियों ने भाग ले कर फाइनल में जगह बनाई। स्पर्धा सचिव जावेद खान ने बताया कि आज 10 जून को 3 सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट पर फाइनल मुकाबले खेले जावेंगे। इसी दौरान आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए



जिले की 22 सदस्यीय टीम का चयन भी किया जाएगा। आज खेले गए जुनियर, सीनियर मैचों में फिर से कोयलांचल व छिंदवाड़ा नगर का दबदबा बरकरार रहा। आज 10 जून को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहेंगे। आज के मैचों में चयनकर्ता एवं निर्णायक के रूप में जावेद खान, राकेश चौरसिया, अक्षय मक्कड़, अतिकेश मेहता, रत्नेश दुबे, अक्षत शुक्ला, अश्वंत मार्को, पार्थ चौकसे, निकुंज डेहरिया, भाविक धुर्वे, भविष्य सूर्यवंशी, वैभव वाडिवा, यशवीर सिंह उपस्थित थे। स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस ने बताया कि आज 10 जून को समापन अवसर पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को कैश प्राइज, मेडल, ट्रॉफी और टी-शर्ट से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने खेल प्रेमियों से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहने की अपील की है।

# भारत की पहली आधुनिक वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक का शुभारंभ

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** जटिल से जटिल श्रवण समस्याओं का निदान अब एक ही छत के नीचे संभव है। संस्कारधानी ही नहीं समूचे भारत की सबसे आधुनिक क्लिनिक का शुभारंभ रविवार शाम को जबलपुर में हुआ। अतिथियों ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर की शान बनेगा, इसने स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से जबलपुर को महानगरों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात ये है कि यहां हर वर्ग स्वास्थ्य लाभ उठा सकता है, शासकीय योजनाओं का लाभ भी इस क्लिनिक के माध्यम से उठाया जा सकता है।वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके कौल ने फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसे मध्यभारत का ही नहीं बल्कि समूचे भारत की आधुनिक क्लीनिक कहना गलत नहीं होगा।



मेरी आशा है कि संस्कारधानीवासी और आसपास के लोग यहां आकर बेहतर स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। यहां एक ही छत के नीचे उन्हें सारी सुविधाएं मिलेंगी। अतिथि विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर के लिए एक बड़ी सौगात है। अतिथि बीजेपी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ,पूर्व महापौर प्रभात साहू की विशेष उपस्थिति रही।

रसल चौक, बराट रोड समदड़िया होटल के समीप स्थित क्लिनिक के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. विशाल मेहरा,अविनाश पवार, एमडी एंड सीईओ डब्ल्यू एस ऑडियोलॉजी, किशलय चक्रवर्ती, बिजनेस हेड सिग्निया, अक्षय गुप्ता असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट हिअर डॉट कॉम , मोहन स्वामी हेड ऑडियोलॉजिस्ट डबल्यू ऑडियोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास दौरासला, ईएनटी सर्जन और प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट के साथ ग्लोडेट यूनिवर्सिटी की फॉर्मर प्रोफेसर डॉ. संयोक्ता जायसवाल और वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक की एमडी डॉ सोनल मेहरा मौजूद रहीं।विशाल मेहरा ने बताया कि यह लैब अपनी खूबियों के चलते मध्यभारत ही नहीं बल्कि भारत की सबसे आधुनिक लैब कही जा सकती है। इसमें हमने कई सेक्शन्स रखें हैं,। इस क्लिनिक में पहली कम्युनिकेशन टेली स्पीच हियरिंग थेरेपी सेक्शन भी है, जहां विदेश के जाने-माने स्पीच थेरेपिस्ट्स अपनी सेवाएं देंगे।

# किसानों को फसल व पेड़ों का मुआवजा नहीं दिया गेल इंडिया ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा छिंदवाड़ा जिले में गैस पाइपलाइन डाली जा रही है, जिसमें किसानों को मुआवजे को लेकर कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2024 से किसानों को फसल मुआवजा नहीं दिया गया है और पेड़ों का मुआवजा भी गेल कंपनी द्वारा नहीं दिया गया है। राजस्व जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई गेल कंपनी द्वारा बिना किसी अनुमति के की जा रही हैए लेकिन उनका मुआवजा भी किसानों को नहीं दिया जा रहा है।

इसमें सभी अधिकारी शामिल हैं और ग्राम लेहगडुआ में किसानों को धमकाने का प्रयास किया गया जिसमें पुलिस बल, राजस्व विभाग और गेल के अधिकारी मौजूद थे। किसानों को धमकाया गया कि आपके ऊपर केस किया जाएगा, लेकिन किसान नहीं माने। अन्य गांवों में भी किसानों की यही परेशानी है, लेकिन किसानों को कोई भी राशि नहीं दी गई है।

इस धोखाधड़ी में प्रशासन भी गेल कंपनी से मिला हुआ है, क्योंकि गेल कंपनी के कहने पर प्रशासन भी उनका ही साथ देता है। इस तरह से किसानों को परेशान किया जा रहा है, जिससे जिला छिंदवाड़ा के किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



# सांसद ने किया हितग्राहियों का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा शहर के वार्डो में जाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का उनके घरों एवं कार्यक्रम स्थलों में जाकर सम्मान किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्जवला योजना के हितग्राहियों को फूलों एवं शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया।



सांसद श्री साहू वार्ड नंबर 10 महुआ टोला पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेते हुए अपने घरों में रह रहे लोगों का उन्हीं के घरों के द्वार में पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूर्ण हो गये है। जिसे लेकर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आप लोगों का सम्मान करने आया हूं।

सांसद श्री साहू ने वार्ड नंबर 18 राजेन्द्र नगर वार्ड सुक्लुढाना पहुंचकर यहां पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों को मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें बधाई दी और उनका सम्मान किया एवं हितग्राहियों को राशन वितरित भी किया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब परिवारों को संबल मिला है। महापौर विक्रम अहाके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हमारे सांसद बंटी विवेक साहू के भी कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण हो गया जिसमें उन्होंने 100 स्वास्थ्य शिविर और अपने क्षेत्र में पदयात्राएं कर आम जनों की समस्याओं का निराकरण करने सहित कई जनहितैषी कार्य किए है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने वार्ड नंबर 40 संचार कॉलोनी में पहुंचकर यहा स्थित पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा प्रकृति संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। प्रदेश सहित जिले में हरियाली अभियान को जन सहयोग से जन आंदोलन बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे वर्षा काल के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करें एवं उसके संरक्षण का संकल्प भी ले।

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सांसद बंटी साहू सोमवार को जिला अस्पताल स्थित जन औषधि केन्द्र पहुंचे जहां उन्होंने औषधी वितरण की जानकारी लेते हुए के केंद्र का अवलोकन किया।

# ग्राम चंद्रिकापुर में खोरा महादेव एवं नदी तालाब को किया साफ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल के महत्व को जन-जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 04 की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चंद्रिकापुर के तत्वावधान मे जल गंगा संवर्धन पर जागरूकता कार्यक्रम जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन मे किया गया।

संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र केवटे ने बताया की आयोजित श्रमदान शिविर मे विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम, परामर्शदाता श्यामल राव, लक्ष्मीधर माहोर, रामराज वर्मा, उपस्थित थे।

श्रमदान के उपरांत जल संवाद करते हुए परामर्शदाता श्यामल राव ने बताया की उक्त नदी का उदगम स्थानीय पहाड़ियों से निकलकर घने जंगलो से होकर जाम नदी मे जाकर मिलती है।

उक्त नदी मे बरसात के समय पानी का भराव रहता है पर अप्रैल के माह मे नदी एवं तालाब का पानी खत्म हो जाता है। वर्तमान मे सूखी नदी मे आसपास के ग्रामो से उड़कर प्लास्टिक पन्नी, कूड़ा करकट जमा हो जाते है जो नदियों को प्रदूषित करती है साथ ही जंगलो मे पल रहे वन्यजीव के जीवन को भी संकट मे डालते है। इसलिए हम सबने मिलकर श्रमदान कर नदी पर बगरी पन्नीया ओर कचरे को बीनकर सफाई कार्य किय। साथ ही तालाब का गहरी करण एवं बेशरम की सफाई की।

विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम ने बताया की आज जन अभियान परिषद के सी.एम. सी.एल.डी.पी. के छात्र, नवांकुर समिति, एवं ग्रामीणों की सहभागिता से तालाब की गाद को श्रमदान कर निकाला गया जिससे आने वाले समय मे पर्याप्त जल का भराव अच्छा होगा ओर उस क्षेत्र मे पल रहे जीव जंतुओं को जीवन भी सुरक्षित होगा।

जब जीव जंतु सुरक्षित रहेगा तो वंहा का जंगल भी सुरक्षित रहेगा। परामर्शदाता योगेश बोपटे ने बताया की जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक के 90 दिवसीय आयोजन मे विकास खंड की नवांकुर समीति, परामर्शदाता, एवं सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र निरंतर अपने अपने परियोजना क्षेत्रो मे जाकर विभिन्न गतिविधियों मे दीवार लेखन श्रमदान, स्वच्छता, रैली हस्ताक्षर अभियान, प्रदर्शनी का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। आयोजन उपरांत ग्रामीण जनो द्वारा जलसंवर्धन पर रैली, वृक्षारोपण, हस्ताक्षर अभियान चलाकर संकल्प दिलाया गया ।

आयोजन को सफल बनाने मे संस्था के पदाधिकारी सेवकराम केवटे, शैलेन्द्र परमार, युवराज सिंह, अनीता बोपटे, उर्मिला, सुखदेव, रामेश्वर टेकाम, हीरामन सोनवाने, भावराव निवारे, राधेश्याम केवटे, राजेश सरोदे, सी एम सी एल डी पी के छात्र, सरपंच भीमराव वरकड़े, सह. दिलीप कोल्हे, उपसरपंच देशराज कोल्हे, सचिव गोपीलाल उईके, दादा राव सोनवाने सहित ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा ।

# मराठा समाज के युवा करते हैं शिवाजी की आरती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मराठा समाज के अराध्य देव और मराठा साम्राज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज ने सम्पूर्ण समाज, उनकी सेना और लोगों को सूत्र में पिरोने का काम किया था। शिवाजी एक ऐसे शासक थे जिन्होंने धर्म, संस्कृति और न्याय को बढ़ावा दिया।

शिवाजी महाराज ही के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए छिंदवाड़ा के मराठा समाज के युवाओं ने अराध्य पूजन ग्रुप की स्थापना की है। यह ग्रुप प्रति सोमवार को शाम 6.30 शिवाजी चौक स्थिति छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण और आरती करते है।

यह सिलसिल विगत 25 सप्ताह से चल रहा है। इस सोमवार 9 जून को भी शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पूजन और आरती की गई। कुछ युवाओं से शुरू की गई यह पहल आज समाज के मिसाल साबित हो रही है और लोग जुड़ते जा रहे है।

अराध्य पूजन ग्रुप के राहुल कदम, सोनू गाड़गे, अंचल गायकवाड़, अनमोल गाड़गे, तन्मय ठाकरे, अंशुल गाड़गे सहित अन्य इस कार्य की शुरुआत की।

ग्रुप के राहुल कदम ने बताया कि इतिहास में छत्रपति शिवाजी महाराज के त्याग, बलिदान और सभी को एकता के सूत्र में बांधने के विचार से प्रेरित होकर उनके आदर्शों को जीवित रखना और नई पीढ़ी को विचारों से अवगत कराने के उद्देश्य ताकि वे भी शिवाजी महाराज का इतिहास जाने।

अराध्य पूजन ग्रुप के सदस्य सोनू और अंचल ने बताया कि विशेष अवसरों पर शिवाजी महाराज को याद कर कार्यक्रम तो ठीक है लेकिन यहां स्मारक के पास प्रति सप्ताह श्रमदान कर साफ सफाई कर पूजन किया जाता है। इससे इस स्थान से एक जुड़ाव रहता है। लोगों को भी सकारात्मक समर्थन मिल रहा है।

गुप के सदस्यों ने बताया कि कुछ युवाओं से शुरू की पूजन की शुरुआत में प्रति सप्ताह माला, मिठाई एवं आरती पूजन में करीब 500 रुपए खर्च है। लेकिन युवाओं की इस पहल के बाद समाज की ओर से एक परिवार इसी बीड़ा उठाने लगा है। अब प्रति सप्ताह अराध्य ग्रुप और मराठा समाज के लोग आरती पूजन में शामिल होते है।

